अध्याय 15

# बँटवारा (भिन्न संख्या)

**अधिगम बिन्दु**





- भिन्न से परिचय
- बराबर बँटवारे के संदर्भ से पूर्ण संख्या में हिस्सा मिलना
- बराबर बँटवारे के संदर्भ से अपूर्ण संख्या में हिस्सा मिलना (पाव, आधा सवा तथा ढाई जैसे शब्दों की मदद से हिस्सा बताना)
- संख्या उतनी ही दर्शाना एवं चित्र बनाना

## 15.1 पूर्ण संख्या में हिस्सा


दीपावली को पिताजी बाजार से कुछ पटाखे खरीदकर लाए। चिकू छोटू आओ और पटाखे बाँटकर ले लो।




दोनों में इस तरह से पटाखे बाँटे ।

| सामग्री | संख्या | चिकू | छोटू |
|---|---|---|---|
| टिक्की की डिब्बी  | 2 | 1 | 1 |
| साँप की गोली  | 4 | 2 | 2 |
| फूलझड़ी  | 10 | 5 | 5 |
| अनार  | 6 | 3 | 3 |
| जमीन चक्र  | 12 | 6 | 6 |


पिताजी एक लड्डू का पैकेट भी लाये।
माँ – अरे छोटू इसमें कितने लड्डू हैं।
चिकु – लाओ माँ मैं गिन देता हूँ।
इसमें 12 लड्डू हैं।





माँ – तुम लड्डूओं को अपने चारों दोस्तों को बराबर–बराबर दे आओ।
आओ छोटू हम लड्डूओं को बराबर–बराबर प्लेटों में रखते हैं।



माँ – अरे चिकु, श्याम को कितने लड्डू दिए।
चिकु – माँ , श्याम को 3 लड्डू दिये।
छोटु – माँ , हमें कुछ खाने को दो।
माँ – टोकरे से एक सेब लो, और खा लो।



एक सेब

छोटू  चिकू 

**आधा सेब आधा सेब**

माँ – आपने सेब खा लिया ।
चिकू – हाँ, माँ, एक सेब था, आधा–आधा खा लिया।

## 15.2 अपूर्ण संख्या में हिस्सा

चिकू – पिताजी आप ये क्या कर रहे हैं।
पिताजी – मैं दीपावली का शुभकामना पत्र भेज रहा हूँ।
लो आप इन्हें लिफाफे में डालो।



पत्रों को एक बार मोड कर लिफाफे में रखने पर नहीं आ रहा है।

पिताजी – इसको दो बार मोड़ो।

पत्रों को दो बार मोड कर लिफाफे में रखने पर भी नहीं आ रहा है।




पिताजी – इसको चार बार मोड़कर रखो।




**हाँ, अब लिफाफे में आसानी से आ रहा है।**

पिताजी चित्र की सहायता से समझाते हुए–


1. एक बार मोड़ने पर  आधा (  )


2. दो बराबर मोड़ने पर  तिहाई (  )
(तीन बराबर भाग हो जाते है)

3. तीन बराबर मोड़ने पर  चौथाई (  )
(चार बराबर भाग हो जाते है।)


## 15.3 संख्या उतनी ही दर्शाना एवं चित्र बनाना

इनको क्या कहेंगे ?

4.  एक और आधा (डेढ़)

5.  एक और चौथाई (सवा)

6.  दो और आधा (ढाई)



गणित में इनको ऐसे लिखते हैं

आधा– $\frac{1}{2}$ , तिहाई –$\frac{1}{3}$ , चौथाई – $\frac{1}{4}$

डेढ़ – $1\frac{1}{2}$ , सवा – $1\frac{1}{4}$ , ढ़ाई – $2\frac{1}{2}$


एक चौथाई को पाव भी कहते हैं।


## 15.4 भिन्न से परिचय


इसी तरह हम संख्याओं को भी बराबर – बराबर बाँट सकते हैं तथा संख्याओं के बाँटने की क्रिया को भिन्न कहते हैं, जैसे – 10 को 5 बराबर भागों में बाँटना अर्थात् $\frac{10}{5}$ लिखते है। $\frac{10}{5}$ एक भिन्न है, जिसमें 10 को अंश तथा 5 को हर कहते हैं।


## प्रश्नावली 15


1 छायांकित भागों के नाम लिखिए–


(i)  ______________

(ii)  ______________


(iii)  ______________


(iv)  ______________


(v)  ______________


(vi)  ______________


2 छायांकित कीजिए–

(i)  चौथाई

(ii)  आधा

(iii)  तीन चौथाई

(iv)  डेढ़

(v)  सवा

3 इनको गणितीय रूप में लिखिए।

(i) चौथाई (ii) आधा (iii) तीन चौथाई

(iv) डेढ़ (v) सवा